

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-01 सोमवार, दिनांक-26 जुलाई, 2021 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.36 बजे पूर्वा० तक**

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :-

यथा संलग्न ।

[2] **आसन की घोषणा** :-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि सप्तदश बिहार विधान सभा के लोक जनशक्ति पार्टी के एक मात्र सदस्य श्री राजकुमार सिंह, क्षेत्र संख्या-144 (मटिहानी) द्वारा जनता दल (युनाईटेड) विधायक दल में विलय किये जाने के अनुरोध पर भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के अधीन लोक जनशक्ति पार्टी विधायक को जनता दल (युनाईटेड) विधायक दल में विलय की मान्यता दिनांक-06 अप्रील, 2021 से प्रदान कर दी गयी है । अब श्री राजकुमार सिंह जनता दल (युनाईटेड) के सदस्य हैं ।

[3] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है :-

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(iii) श्री अवध विहारी चौधरी
(iv) श्रीमती ज्योति देवी
(v) श्री मो० आफाक आलम

[4] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा - सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री - सदस्य
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
(iv) श्रीमती रेणु देवी, उप मुख्यमंत्री - सदस्य

(v) श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग - सदस्य

(vi) श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा विभाग - सदस्य

(vii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल - सदस्य

(viii) श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० - सदस्य

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(ii) श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०

(iii) श्री अनिल कुमार, स०वि०स०

(iv) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०

(v) श्रीमती स्वर्णा सिंह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

**[5] औपचारिक कार्य :-**

माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा बिहार विधान सभा के समक्ष महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश, 2021 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

**[6] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-**

सभा सचिव द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमोदित निम्न 13 (तेरह) विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

| क्रमांक | विधेयकों का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| (i) | बिहार विनियोग विधेयक, 2021 | 03.03.2021 |
| (ii) | बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2021 | 23.03.2021 |
| (iii) | बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस विधेयक, 2021 | 24.03.2021 |
| (iv) | बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (v) | बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1984-85) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (vi) | बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (vii) | बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (viii) | बिहार कराधान विवादों का समाधान विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (ix) | बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (x) | बिहार राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (xi) | बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (xii) | पटना विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| (xiii) | बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |

**[7] वित्तीय कार्य :-**

माननीय उप मुख्यमंत्री सह मंत्री, वित्त विभाग, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया ।

**[8] आसन की सूचना :-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज का दिन बहुत पावन दिन है । आज सावन की प्रथम सोमवारी है । इस समय देवों के देव जगत पिता महादेव जगत प्रतिपालक हैं और वह उनकी पूजा अर्चना करने पर सबको दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से मुक्ति दिलाते है। साथ ही माननीय सदस्यों से कहा कि हम प्रण

लें कि अपने संयम, अनुशासन और आचरण से बिहार विधान सभा में ऐसी मिसाल पेश करें की महादेव प्रसन्न होकर हमें बिहार के विकास की नई इबारत लिखने का आशीर्वाद दे सकें ।

तदुपरान्त आसन द्वारा माननीय सदस्यों को पुनः गर्व के साथ सूचित किया गया कि आज कारगिल विजय दिवस भी है । हमें अपनी सेना के शौर्य और पराक्रम पर अभिमान है । हम कारगिल युद्ध में शहीद अपने जाबाजों का नमन करते हैं । मातृभूमि के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता है । जिस तरह सेना के जवान सबकुछ भूलकर देश की सेवा में तत्पर रहते हैं, वैसे ही हमें बिहार के विकास के लिए एक सूत्र में बंध कर काम करना होगा और यही संसदीय लोकतंत्र की खूबसूरती भी है । लोकतंत्र के इस पवित्र मंदिर में अपने दायित्वों को सकारात्मक रूप से निभाते हुए अपनी भूमिका से जनांकाक्षाओं पर हम खरा उतरने का प्रयास करें ।

[9] **अन्य चर्चा** :-

माननीय नेता विरोधी दल द्वारा अपना प्रस्ताव सदन में रखने की इजाजत आसन से मांगी गयी । आसन द्वारा कहा गया कि यदि आपका प्रस्ताव पहले से आया होता तो अवसर जरूर मिलता । आप सूचना दे दें कल आपको समय दिया जाएगा । तदुपरान्त विपक्ष के कुछ माननीय सदस्यगण अपने अपने स्थान पर खड़े हो गये ।

आसन द्वारा कहा गया कि अभी माननीय नेता विरोधी दल खड़े हैं । आप बैठ जाएं । साथ ही कहा कि एक तरफ आप लोग संकल्प लेते हैं कि हम सभी आसन में विश्वास करते हैं और सम्मान करते हैं । दूसरी तरफ दो चार माननीय सदस्यगण इसकी गरिमा गिराने में लगे रहते हैं । इसे हम कतई स्वीकार नहीं करेंगे ।

[10] **शोक प्रकाश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि यह शायद पहला मौका होगा की दो सत्रों की बीच की अवधि में इतनी अधिक संख्या में इस सदन के वर्तमान एवं पूर्व सदस्य की मृत्यु हुई होगी । यह काफी दुःखद है । इनके प्रति शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है । इसके पश्चात् दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई :-

(i) स्व० मेवा लाल चौधरी, वर्तमान स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(ii) स्व० शशिभूषण हजारी, वर्तमान स०वि०स०
(iii) स्व० हरि नारायण चौधरी, वर्तमान स०वि०प०
(iv) स्व० तनवीर अख्तर, वर्तमान स०वि०प०
(v) स्व० मोहम्मद वली रहमानी, पूर्व स०वि०प०
(vi) स्व० बन्दी उरॉव, पूर्व स०वि०स०
(vii) स्व० साइमन मरांडी, पूर्व स०वि०स०
(viii) स्व० प्रो० अरूण कुमार, पूर्व सभापति, बिहार विधान परिषद्
(ix) स्व० निएल तिर्की, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(x) स्व० प्रेम नारायण गढ़वाल, पूर्व स०वि०प० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(xi) स्व० कुंती देवी, पूर्व स०वि०स०
(xii) स्व० जगन्नाथ प्रसाद राय, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व स०वि०प०
(xiii) स्व० बसंत कुमार लाल, पूर्व स०वि०प०
(xiv) स्व० विजय कुमार सिंह, पूर्व स०वि०स०
(xv) स्व० लक्ष्मण गिलुवा, पूर्व स०वि०स०
(xvi) स्व० डॉ० मोहम्मद शहाबुद्दीन, पूर्व स०वि०स० तथा पूर्व सदस्य, लोक सभा
(xvii) स्व० जोरावर राम, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व सदस्य, लोक सभा

(xviii) स्व० शालीग्राम यादव, पूर्व स०वि०स०

(xix) स्व० भरत सिंह, पूर्व स०वि०स०

(xx) स्व० शिवेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व स०वि०स०

(xxi) स्व० राम कृष्ण यादव, पूर्व स०वि०स०

(xxii) स्व० अकील हैदर, पूर्व स०वि०स०

(xxiii) स्व० राम चन्द्र सिंह, पूर्व स०वि०स०

(xxiv) स्व० प्रो० राघव प्रसाद, पूर्व स०वि०स०

(xxv) स्व० राम विचार राय, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

(xxvi) स्व० डॉ० रमेन्द्र कुमार यादव 'रवि', पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व सदस्य लोक सभा एवं राज्य सभा

(xxvii) स्व० रघुनन्दन लाल भाटिया, पूर्व राज्यपाल, बिहार

(xxviii) स्व० विजय सिंह यादव, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व सदस्य राज्य सभा

(xxix) स्व० जगन्नाथ पहाड़िया, पूर्व राज्यपाल, बिहार एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री

(xxx) स्व० सूर्य देव राय, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

(xxxi) स्व० इन्द्रा नन्द यादव, पूर्व स०वि०स०

(xxxii) स्व० रामेश्वर प्रसाद यादव, पूर्व स०वि०स०

(xxxiii) स्व० जनार्दन मांझी, पूर्व स०वि०स०

इसी क्रम में आसन द्वारा कहा गया कि कोरोना महामारी से राज्य एवं देश के कई लोग असमय काल कलवित हो गए । इस आपदा से होने वाली मृत्यु से पूरा सदन मर्माहत है । हमने अपने बीच के कई लोगों को खो दिया । कोरोना के दूसरी लहर में दूसरों की जिन्दगी बचाते बचाते अपनी जिन्दगी कुर्बान करने वाले बिहार के डा० प्रभात कुमार, डा० विनय कंठ, डा० यू.पी. सिंह, डा० मोहन मिश्रा, डा० शान्ति सिंह, डा० आर.के. झा सहित सौ से अधिक चिकित्सकों को हमने खो दिया है । साथ ही हमने देश के प्रख्यात डा० के०के० अग्रवाल को भी खो दिया है । इससे चिकित्सा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है । कोरोना योद्धा एवं अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्त्ताओं (Front line workers) के दुख की इस घड़ी में हमारी पूरी संवेदना उनके पीड़ित परिवारजनों के साथ है । ईश्वर दिवगंत आत्मा को शान्ति प्रदान करे और शोकाकुल परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करे ।

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संवेदना शोक संतप्त परिवार के पास भेज दिये जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 27 जुलाई, 2021 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-26.07.2021

भूदेव राय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।